# नेताजी सुभाष विवि का दीक्षा समारोह आज, गिरिराज होंगे मुख्य अतिथि

**समारोह में 1700 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री, 120 मेधावियों को स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा**

जासं, जमशेदपुर : नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय का तीसरा दीक्षांत समारोह सोमवार को आयोजित होगा। समारोह में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 1700 छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। साथ ही, 120 उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण और रजत पदकों से सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मदन मोहन सिंह और कुलपति डा. प्रभात कुमार पाणि सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र और अभिभावक इस गरिमामय समारोह में शामिल होंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार, समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।



नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय

मुख्य अतिथि गिरिराज सिंह छात्रों को संबोधित करेंगे और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित करेंगे। कुलाधिपति और कुलपति भी अपने संबोधन में छात्रों को जीवन मूल्यों और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करेंगे। यह दीक्षांत समारोह विवि के मूल्यों और छात्रों के सपनों का प्रतीक होगा।